हिन्दुस्तान • जमशेदपुर • शनिवार • 19 सितम्बर 2015 04

कर्मचारियों को मिले पांच लाख

जमशेदपुर (सं.)। टीएसपीडीएल में विश्वकर्मा पूजा पर गुरुवार को कर्मचारियों को क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोडक्शन (क्यूआईपी) अवॉर्ड के तहत लगभग 5 लाख रुपये पुरस्कार दिए गए। सिदगोड़ा टाउन हॉल में बारा प्लांट से शंकर डे, एसके सिंह, लॉजेस्टिक से राजेश सिंह, आरएफएल से कमलेश सिंह समेत सैकड़ों कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर कंपनी के जीएम पीके साहू, समाधार, शेखर झा एवं यूनियन की ओर से महामंत्री त्रिदेव सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार व अन्य थे।